एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सलमान खान ने किया प्रियंका चोपड़ा के साथ काम करने से इनकार!

फिल्म भारत से ऐन वक्त पर बैकआउट हो जाने के कारण प्रियंका चोपड़ा और सलमान खान के रिश्ते के बीच कड़वाहट आ जाने की बात कही जा रही थी। हालांकि, प्रियंका के रिसेप्शन में खान परिवार के शामिल होने के बाद इन बातों को अफवाह माना गया था। अब रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान ने संजय लीला भंसाली के एक अपकमिंग प्रॉजेक्ट में प्रियंका के साथ काम करने से इनकार कर दिया है।

दरअसल, हाल ही में खबर आई थी कि संजय लीला भंसाली और सलमान खान करीब दो दशक बाद फिर से साथ में काम करने जा रहे हैं। इस बीच एक इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा ने बताया था कि उन्होंने भंसाली के साथ एक फिल्म साइन की है। इन दोनों बातों का कनेक्शन जोड़ते हुए माना जा रहा था कि सलमान और प्रियंका साथ में भंसाली की मूवी में दिखाई देने वाले हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान ने प्रियंका को फिल्म में लेने पर आपत्ति जताई और ऐक्ट्रेस के साथ काम करने से इनकार कर दिया। हालांकि, इस बीच यह भी खबरें हैं कि प्रियंका और सलमान को भंसाली ने कास्ट तो किया है, लेकिन अलग-अलग फिल्मों के लिए। जहां सलमान भंसाली की एक लव स्टोरी में नजर आएंगे तो वहीं प्रियंका एक पीरियड फिल्म में लीड रोल निभाती दिखेंगी। ऐसे में सलमान का प्रियंका के साथ काम करने से इनकार करने को लेकर आ रही रिपोर्ट्स कितनी सच हैं इसे लेकर संशय बना हुआ है।

पीरियड फिल्म का टाइटल हुआ फाइनल: जानकारी के मुताबिक, संजय लीला भंसाली ने गंगूबाई टाइटल बुक करवा लिया है। कहा जा रहा है कि यही वह फिल्म है जिसमें प्रियंका को कास्ट किया जाएगा। गंगूबाई एक ऐसी महिला की जिंदगी पर आधारित है जो मुंबई के कमाठीपुरा में वेश्यालय चलाती थीं, बाद में उन्होंने ऐसी महिलाओं को बचाने का भी काम किया जिन्हें जबरन इस काम में धकेला जाता था। महिलाओं को वेश्यावृत्ति से बचाने के लिए उन्होंने जो कदम उठाए उसे लेकर उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भी मुलाकात की थी।

अरुणिमा सिन्हा की बायॉपिक में काम करेंगी आलिया भट्ट?

पिछले काफी समय से आलिया भट्ट लगातार अपनी फिल्मों में बेहतरीन परफॉर्मेंस दे रही हैं। इस समय आलिया के पास कई फिल्में हैं और लगता है कि इस लिस्ट में अब एक और नाम जुड़ने जा रहा है। हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो आलिया भी अब एक बायॉपिक में काम करने जा रही हैं। यह बायॉपिक अरुणिमा सिन्हा पर बनेगी जो दुनिया में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली दिव्यांग महिला।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म बॉर्न अगेन ऑन द माउंटेन: ए स्टोरी ऑफ लूजिंग एवरीथिंग ऐंड फाइंडिंग बैक नाम की किताब पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि आलिया ने इस फिल्म में काम करने के लिए अपनी सहमति दे दी है। इस फिल्म को करण जौहर और विवेक रंगाचारी प्रड्यूस करेंगे। फिल्म में अरुणिमा के किरदार को निभाने के लिए आलिया को वजन बढ़ाने के लिए भी कहा गया है।

इस फिल्म के लिए आलिया को दिव्यांग व्यक्ति के साथ सख्त ट्रेनिंग करनी होगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शुरुआती शूटिंग लखनऊ में की जाएगी। बता दें कि अरुणिमा सिन्हा एक नैशनल वॉलीबाल प्लेयर थीं जो कुछ लुटेरों से लड़ते हुए चलती ट्रेन से गिर गई थीं। इस दुर्घटना में अरुणिमा ने अपना एक पैर खो दिया। हालांकि अरुणिमा ने अपनी हिम्मत नहीं खोई और एक साल के भीतर ही वह एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली दिव्यांग महिला बन गईं।

तापसी ने कहा कि वह कॉफी विद करण के लायक नहीं

बॉलिवुड में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू को उनके बेबाक अंदाज के लिए भी जाना जाता है। वह अक्सर ही सोशल साइट्स पर सोशल इश्यूज पर भी अपनी राय रखती हैं। हाल ही में जब कमीडियन वीर दास ने टीवी शो कॉफी विद करण को लेकर तापसी को एक ट्वीट किया तो तापसी ने भी उन्हें अपने ही अंदाज में जवाब दिया। इसके बाद तो ट्वीटर पर मीडिया के अलावा तापसी के फैंस ने भी शो के होस्ट करण जौहर को लेकर तमाम ट्वीटस किये। लोगों ने जहां तापसी को शानदार ऐक्ट्रेस बताया। वहीं यह भी कहा कि उन्हें किसी के कॉफी शो पर जाने की जरूरत नहीं है। बता दें कि हाल ही में जब टीवी शो कॉफी विद करण के आखिरी ऐपिसोड कॉफी अवॉर्ड नाइट को शूट किया गया तो उसमें किरण खेर, मलाइका अरोड़ा, वीर दास और मल्लिका दुआ को आंमत्रित किया गया। इसके बाद कमीडियन वीर दास ने अपने ओपनिंग ऐक्ट का टीजर ट्वीट करते हुए लिखा इस सेट पर इतना पिंक है कि तापसी ने इसपर ऐक्टिंग करने की कोशिश की।

वीर दास के इस ट्वीट पर तापसी ने भी बेहतरीन अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने शो के होस्ट पर तंज कसते हुए लिखा हाहाहाहा, अच्छा है, लेकिन तापसी वहां तक पहुंचने के लिए क्वॉलीफाई नहीं कर पाई,। उन्होंने लिखा मैं यहीं से आप लोगों को देखने के लिए उत्सुक हूं, आप सभी काफी ज्यादा खुश नजर आ रहे हैं।

इसके बाद वीर ने उन्हें रिप्लाई किया कि वह काफी प्रतिभाशाली हैं और वहां पहुंचने की सारी योगताएं भी उनमे हैं। इसपर तापसी ने भी अरे मैं तो एक क्रेजी फनी रिऐक्शन की उम्मीद कर रही थी लिखकर जवाब दिया। हालांकि यह बात यहीं खत्म नहीं हुई, आगे भी इस पर कई लोगों ने तापसी को ट्वीट करके कहा कि वह शानदार ऐक्ट्रेस हैं। वहीं कईयों ने तो यह भी लिखा कि शो के मेकर्स शो में उनके जैसी टैलेंटेड फीमेल को बुलाने से डरते हैं।